# मतदाता जानकारी पुस्तिका

**PATRICE Y. LATTIMORE, सिटी क्लर्क द्वारा संकलित**

## प्राथमिक नामांकन चुनाव

**मंगलवार, 2 जून, 2026**

**HINDI**

clerk.lacity.gov/elections

**चुनाव संबंधी जानकारियों के लिए कृपया 1-888-873-1000 पर कॉल करें**

**सिटी ऑफ़ Los Angeles मतदाता जानकारी अंग्रेजी के साथ-साथ निम्नलिखित भाषाओं में भी प्रदान करता है:**

**Այս բրոշյուրի հայերեն օրինակն ստանալու համար զանգահարեք 1-888-873-1000 հեռախոսահամարով:**

---

要索取本手冊的中文版，
請致電 **1-888-873-1000**

---

برای تهیه‌ی نسخه‌ای از این جزوه به زبان فارسی، با شماره تلفن
**1-888-873-1000** تماس بگیرید

---

**हिन्दी में इस पैम्फलेट की प्रति प्राप्त करने के लिए, 1-888-873-1000 पर फोन करें**

---

このパンフレットの日本語版をご希望の方は、
**1-888-873-1000**までお電話ください。

---

ដើម្បីទទួលបានឯកសារថតចម្លងមួយច្បាប់ពីកូនសៀវភៅនេះជាភាសាខ្មែរ
សូមហៅទូរស័ព្ទលេខ **1-888-873-1000**

---

이 팸플릿을 한국어로 원하시면 다음 전화번호로
연락하십시오. **1-888-873-1000**

---

**Для получения копии данной брошюры на русском языке позвоните по номеру 1-888-873-1000.**

---

**Para obtener una copia de este folleto en español, llame al 1-888-873-1000**

---

**Para makakuha ng kopya ng pamplet na ito sa Tagalog, tumawag sa 1-888-873-1000**

---

**เพื่อขอสำเนาจุลสารนี้ในภาษาไทย โปรดโทรศัพท์ติดต่อที่หมายเลข 1-888-873-1000**

---

**Muốn có một tập sách này bằng tiếng Việt, hãy gọi số 1-888-873-1000**

# विषय सूची


पृष्ठ

**मतपत्र सारांश . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 3-5**

**मतपत्र विधेयक, तर्क, और पाठ**

प्रस्ताव CB . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . **6**

प्रस्ताव TC . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . **11**

प्रस्ताव TT . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . **19**


**मतदाता जानकारी**

Los Angeles के काउंटी के रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क, सिटी ऑफ़ Los Angeles नगरपालिका चुनाव के प्रशासक हैं।

इस पुस्तिका में केवल 2 जून, 2026 के प्राथमिक नामांकन चुनाव के लिए सिटी के मतपत्र विधेयकों की जानकारी शामिल है।

मतदान केन्द्रों जैसी चुनाव से संबंधित जानकारी के लिए, कृपया LA काउंटी से (800) 815-2666 पर संपर्क करें या www.lavote.gov पर उनकी वेबसाइट पर जाएं।

अगले 3 पेजों में शहर के मतपत्र संबंधी विधेयकों का सरलीकृत संस्करण है। प्रत्येक विधेयक का पूरा लेख, अन्य जानकारी के साथ मतपत्र सारांश के बाद मुद्रित किया जाता है (विषय सूची की तालिका वाला पेज देखें)।

**शीर्षक:**
गांजा के बिना लाइसेंस वाले व्यवसायों पर गांजा संबंधी व्यावसायिक करों को लागू करना।

**विषय:**
क्या एक अध्यादेश पारित किया जाना चाहिए जिसके तहत Los Angeles शहर में लागू गांजा संबंधी व्यवसाय कर को गांजा के बिना लाइसेंस वाले व्यवसायों पर भी लागू किया जा सके?

**स्थिति:**
Los Angeles शहर में गांजा के बिना लाइसेंस वाले व्यवसायों को व्यवसाय करों का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है, जो व्यवसाय की सकल प्राप्तियों के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। वर्तमान में, गांजा के केवल लाइसेंस प्राप्त व्यवसायों को ही Los Angeles शहर को व्यवसाय कर का भुगतान करना अनिवार्य है।

**प्रस्ताव:**
इस विधेयक के तहत एक अध्यादेश को मंजूरी दी जाएगी जिसके अनुसार Los Angeles शहर में गांजा के बिना लाइसेंस वाले व्यवसायों पर भी वही सकल प्राप्ति कर लागू होगा जो वर्तमान में गांजा के लाइसेंस प्राप्त व्यवसायों पर लागू होता है।

**एक हाँ वोट का मतलब है:**
आप चाहते हैं कि एक अध्यादेश पारित किया जाए जिसके तहत Los Angeles शहर का गांजा व्यवसाय सकल प्राप्ति कर उन बिना लाइसेंस वाले गांजा व्यवसायों पर भी लागू हो जो वर्तमान में लाइसेंस प्राप्त गांजा व्यवसायों पर लागू होते हैं।

**एक नहीं वोट का मतलब है:**
आप यह नहीं चाहते कि ऐसा कोई अध्यादेश अपनाया जाए, जिसके तहत Los Angeles शहर के गांजा व्यवसायों पर लागू सकल प्राप्ति कर, जो वर्तमान में गांजा के लाइसेंस प्राप्त व्यवसायों पर लागू है, बिना लाइसेंस वाले गांजा व्यवसायों पर भी लागू किया जाए।

**इस विधेयक का पूरा पाठ पृष्ठ 8 पर शुरू होता है।**

**शीर्षक:**
ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों पर अस्थायी अधिभोग कर लागू करना।

**विषय:**
क्या Los Angeles शहर को ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियों के लिए अस्थायी अधिभोग कर (TOT) के संग्रह और रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताओं को अपडेट करना चाहिए?

**स्थिति:**
वर्तमान में, होटल ऐसे किसी भी अतिथि से, जो 30 दिनों या उससे कम समय के लिए होटल के कमरे या परिसर में रहते हैं, सभी शुल्क और सेवा प्रभारों सहित कुल किराए पर TOT वसूलता है। ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियाँ होटलों के साथ कमरे की रियायती या थोक दर के लिए मोलभाव करती हैं। ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियाँ तब अतिथि से सभी शुल्कों और सेवा प्रभारों सहित वसूल की गई कुल राशि के बजाय मोलभाव से तय किराये की दर के आधार पर TOT वसूल करती हैं।

**प्रस्ताव:**
इस विधेयक के तहत ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियों को होटल के कमरे में ठहरने के लिए अतिथियों से वसूली गई कुल राशि, जिसमें सभी शुल्क और सेवा प्रभार शामिल हैं, के आधार पर TOT वसूलना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, यह विधेयक सभी होटल संचालकों, ऑनलाइन और अन्य यात्रा कंपनियों के लिए संग्रह और रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताओं को अपडेट करेगा।

**एक हाँ वोट का मतलब है:**
आप चाहते हैं कि शहर ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियों के लिए TOT के संग्रह और रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताओं को अपडेट करे, ताकि इसका उपयोग शहर की सामान्य सेवाओं के लिए किया जा सके।

**एक नहीं वोट का मतलब है:**
आप नहीं चाहते हैं कि शहर ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियों के लिए TOT के संग्रह और रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताओं को अपडेट करे और इसका उपयोग शहर की सामान्य सेवाओं के लिए न हो।

**इस विधेयक का पूरा पाठ पृष्ठ 14 पर शुरू होता है।**

**शीर्षक:**
अस्थायी अधिभोग कर में संशोधनों के माध्यम से शहर की सेवाओं के लिए वित्तपोषण।

**विषय:**
क्या Los Angeles शहर को होटल में ठहरने वाले अतिथियों द्वारा भुगतान किए जाने वाले अस्थायी अधिभोग कर (TOT) को 31 दिसंबर 2028 तक 14% से बढ़ाकर 16% और उसके बाद 15% कर देना चाहिए, और क्या ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियों के लिए TOT के संग्रह और रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताओं को अपडेट करना चाहिए ताकि इसका उपयोग शहर की सामान्य सेवाओं के लिए किया जा सके?

**स्थिति:**
वर्तमान में, होटल के कमरे या परिसर में 30 दिनों या उससे कम समय के लिए रहने वाले किसी भी अतिथि के लिए, सभी शुल्क और सेवा प्रभार सहित कुल किराये पर TOT की दर 14% है। ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियाँ होटलों के साथ कमरे की रियायती या थोक दर के लिए मोलभाव करती हैं। ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियाँ तब अतिथि से सभी शुल्कों और सेवा प्रभारों सहित वसूल की गई कुल राशि के बजाय मोलभाव से तय किराये की दर के आधार पर TOT वसूल करती हैं।

**प्रस्ताव:**
शहर की सामान्य सेवाओं के वित्तपोषण के लिए, यह विधेयक 31 दिसंबर 2028 तक TOT को अस्थायी रूप से 14% से बढ़ाकर 16% कर देगा और उसके बाद 15% कर देगा। इसके अतिरिक्त, इस विधेयक के तहत ऑनलाइन और अन्य ट्रैवल कंपनियों को होटल के कमरे में ठहरने के लिए अतिथियों से वसूली गई कुल राशि, जिसमें सभी शुल्क और सेवा प्रभार शामिल हैं, के आधार पर TOT वसूलना अनिवार्य हो जाएगा। यह विधेयक सभी होटल संचालकों, ऑनलाइन और अन्य यात्रा कंपनियों के लिए संग्रह और रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताओं को भी अपडेट करेगा।

**एक हाँ वोट का मतलब है:**
आप चाहते हैं कि शहर होटल में ठहरने वाले अतिथियों के लिए TOT को 31 दिसंबर 2028 तक 14% से बढ़ाकर 16% कर दे और उसके बाद 15% कर दे, और ऑनलाइन और अन्य यात्रा कंपनियों के लिए TOT के संग्रह और रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताओं को अपडेट करे ताकि इसका उपयोग शहर की सामान्य सेवाओं के लिए किया जा सके।

**एक नहीं वोट का मतलब है:**
आप नहीं चाहते हैं कि शहर होटल में ठहरने वाले अतिथियों के लिए TOT को 31 दिसंबर 2028 तक 14% से बढ़ाकर 16% कर दे और उसके बाद 15% कर दे, साथ ही ऑनलाइन और अन्य यात्रा कंपनियों के लिए TOT के संग्रह और रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताओं को भी अपडेट नहीं करे ताकि इसका उपयोग शहर की सामान्य सेवाओं के लिए नहीं किया जा सके।

**इस विधेयक का पूरा पाठ पृष्ठ 24 पर शुरू होता है।**

## CB बिना लाइसेंस वाले भांग के व्यवसायों पर भांग संबंधी व्यावसायिक करों को लागू करना। प्रस्ताव CB।

क्या सिटी के मौजूदा भांग व्यावसायिक करों को बिना लाइसेंस वाले भांग व्यवसायों पर वर्तमान दरों (भांग की बिक्री पर 10%; चिकित्सीय भांग की बिक्री पर 5%; विनिर्माण, खेती या अन्य व्यावसायीकरण पर 2%; परिवहन, परीक्षण या अनुसंधान पर 1%) पर लागू करने के लिए अध्यादेश तब तक अपनाया जाएगा जब तक कि मतदाताओं द्वारा इसे समाप्त नहीं कर दिया जाता जिससे इससे सड़क/फुटपाथ की मरम्मत, 911 आपातकालीन प्रतिक्रिया, अग्निशमन और पार्कों जैसी सामान्य सिटी सेवाओं के लिए प्रतिवर्ष लगभग 30-35 मिलियन डॉलर जुटाए जाएंगे?

### निष्पक्ष सारांश
### SHARON M. TSO, मुख्य विधायी विश्लेषक द्वारा

2016 में प्रस्ताव 64 के तहत पूरे राज्य में मनोरंजक भांग को वैध बनाने के बाद, Los Angeles के मतदाताओं ने 2017 में प्रस्ताव M को मंजूरी दी, जिससे Los Angeles शहर को स्थानीय भांग व्यवसायों को विनियमित करने और उन पर कर लगाने का अधिकार मिल गया।

Los Angeles नगरपालिका संहिता, अध्याय II, अनुच्छेद 1, धारा 21.51 और 21.52 शहर में सभी लाइसेंस प्राप्त भांग व्यवसायों के लिए व्यावसायिक कर स्थापित करते हैं। देय कर की राशि व्यवसाय की सकल प्राप्तियों के आधार पर निर्धारित की जाती है।

वर्तमान में, नगरपालिका संहिता के तहत केवल लाइसेंस प्राप्त भांग व्यवसायों पर ही Los Angeles शहर के भांग व्यवसाय कर लागू किए जाते हैं। भांग पर कर की दर भांग की बिक्री से प्राप्त सकल राशि का दस प्रतिशत, चिकित्सीय भांग की बिक्री पर पांच प्रतिशत, विनिर्माण, खेती या अन्य वाणिज्यीकरण पर दो प्रतिशत और परिवहन, परीक्षण या अनुसंधान पर एक प्रतिशत है। ये कर बिना लाइसेंस वाले भांग व्यवसायों पर लागू नहीं होते हैं।

Los Angeles शहर के भांग व्यवसाय करों को बिना लाइसेंस वाले भांग व्यवसायों पर लागू करने के लिए, इस विधेयक के तहत Los Angeles नगरपालिका संहिता में संशोधन करने के लिए एक अध्यादेश अंगीकार किया जाएगा। इसलिए, बिना लाइसेंस वाले भांग के व्यवसायों पर भी वही सकल प्राप्ति कर लागू होंगे जो Los Angeles शहर वर्तमान में लाइसेंस प्राप्त भांग व्यवसायों पर लगाता है। भांग पर कर से प्राप्त राजस्व को शहर के सामान्य कोष में जमा किया जाएगा और इसका उपयोग शहर की सेवाओं में सहयोग करने के लिए किया जाएगा।

अगर मतदाताओं के बहुमत से इसे मंजूरी मिल जाती है, तो यह विधेयक प्रभावी हो जाएगा।

## वित्तीय प्रभाव का विवरण
## MATTHEW W. SZABO, शहर के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा

इस विधेयक के तहत शहर का मौजूदा भांग व्यवसाय कर बिना लाइसेंस वाले भांग व्यवसायों पर मौजूदा दरों पर लागू किया जाएगा: भांग की बिक्री पर 10%, चिकित्सीय भांग की बिक्री पर 5%, विनिर्माण या खेती पर 2% और परिवहन या परीक्षण पर 1%। इस विधेयक से शहर को सालाना लगभग $30 मिलियन से $35 मिलियन का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। राजस्व को सामान्य कोष में जमा किया जाएगा और इसका उपयोग शहर की सामान्य सेवाओं जैसे अग्निशमन और पुलिस कार्रवाई, सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत, परिवहन और अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कर और विनियामक प्रवर्तन प्रयासों के लिए वार्षिक प्रशासनिक लागत $2.2 मिलियन से $10.5 मिलियन के बीच होने का अनुमान है। वास्तविक लागत प्रवर्तन गतिविधियों के प्रकार और बिना लाइसेंस वाले व्यवसायों को बंद करने या उन्हें कर और विनियामक अनुपालन के दायरे में लाने के लिए आवश्यक प्रयासों के स्तर पर निर्भर करेगी।

## प्रस्तावित मतपत्र विधायक का पाठ

**अध्यादेश संख्या__________**

सिटी की मौजूदा भांग सकल प्राप्ति करों को बिना लाइसेंस वाले भांग व्यवसायों पर लागू करने के लिए Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1 के अनुभाग 21.51 और अनुभाग 21.52 में संशोधन करने वाला अध्यादेश। (नगरपालिका कोड की भाषा में परिवर्तन जोड़ी गई भाषा के लिए रेखांकन टाइप में और मिटाई गई भाषा के लिए ~~स्ट्राइकआउट~~ टाइप में दिखाए गए हैं।)

**जबकि** जनता और चिकित्सीय एवं गैर-चिकित्सीय भांग के उपभोक्ताओं की रक्षा करने के लिए, तथा सिटी के समुदायों पर पड़ने वाले नकारात्मक द्वितीयक प्रभावों को कम करने के लिए, सिटी ने एक व्यापक भांग नियामक एवं प्रवर्तन प्रणाली लागू की, जिसे सिटी ऑफ़ Los Angeles के मतदाताओं ने 7 मार्च, 2017 को अनुमोदित किया और प्रस्ताव M में समाहित किया।

**जबकि** प्रस्ताव M ने गैर-चिकित्सीय और चिकित्सीय भांग के व्यावसायीकरण में संलग्न लाइसेंस प्राप्त भांग व्यवसायों पर विभिन्न दरों के साथ एक नई सकल प्राप्तियाँ कर व्यवस्था भी लागू की, जिसमें उनके व्युत्पन्न उत्पाद और सेवाएं शामिल हैं;

**जबकि** प्रस्ताव M के लागू होने के बाद से, लाइसेंस प्राप्त वाणिज्यिक भांग व्यवसायों पर कराधान ने बिना लाइसेंस वाले भांग व्यवसायों को संचालन करने और सिटी के सभी व्यावसायिक करों को एकत्र किए और भेजे बिना, लाइसेंस प्राप्त भांग व्यवसायों की तरह, मनोरंजक भांग के वैधीकरण से महत्वपूर्ण वाणिज्यिक लाभ जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया है; और

**जबकि** सिटी यह सुनिश्चित करना चाहता है कि बिना लाइसेंस वाले व्यवसायों पर भी वही कर लागू हो जो लाइसेंस प्राप्त संचालकों पर लागू होता है और भांग के बाजार के भीतर व्यावसायिक कर समानता स्थापित हो।

**इसलिए अब,**

**सिटी ऑफ़ LOS ANGELES**
**के लोग निम्नानुसार आदेश देते हैं:**

धारा 1। भांग के व्यवसायों पर कराधान से संबंधित Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1 की धारा 21.51 की उपधारा (a) के उपखंड (9) में इस प्रकार पढ़े जाने के लिए संशोधन किया जाता है:

9. “परिवहन” का अर्थ भांग और/या भांग उत्पादों को किसी ~~लाइसेंस प्राप्त~~ व्यक्ति के स्थान से किसी अन्य ~~लाइसेंस प्राप्त~~ व्यक्ति के स्थान पर स्थानांतरित करना होगा।

धारा 2. भांग के व्यवसायों पर कराधान से संबंधित Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1 की धारा 21.51 की उपधारा (b) में इस प्रकार पढ़े जाने के लिए संशोधन किया जाता है:

(b) इस धारा के प्रयोजनों के लिए, लगाया जाने वाला व्यावसायिक कर निम्नानुसार होगा:

1. ~~लाइसेंस प्राप्त~~ ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भांग और/या भांग उत्पादों की बिक्री का व्यवसाय करता है, उसे सकल प्राप्तियों के प्रत्येक $1,000.00 या उसके अंश पर $100.00 का व्यावसायिक कर देना होगा। चिकित्सा संबंधी भांग की बिक्री पर इस अनुच्छेद की धारा 21.52 के अनुसार कर लगाया जाएगा।

2. ~~लाइसेंस प्राप्त~~ ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भांग और/या भांग उत्पादों के परिवहन का व्यवसाय करता है, उसे सकल प्राप्तियों के प्रत्येक $1,000.00 या उसके अंश पर $10.00 का व्यावसायिक कर देना होगा।

3. ~~लाइसेंस प्राप्त~~ ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भांग और/या भांग उत्पादों का परीक्षण करने का व्यवसाय करता है, उसे सकल प्राप्तियों के प्रत्येक $1,000.00 या उसके अंश पर $10.00 का व्यावसायिक कर देना होगा।

4. ~~लाइसेंस प्राप्त~~ ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भांग और/या भांग उत्पादों का अनुसंधान करने का व्यवसाय करता है, उसे सकल प्राप्तियों के प्रत्येक $1,000.00 या उसके अंश पर $10.00 का व्यावसायिक कर देना होगा।

5. ~~लाइसेंस प्राप्त~~ ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भांग और/या भांग उत्पादों का विनिर्माण करने का व्यवसाय करता है या खेती करता है, उसे सकल प्राप्तियों के प्रत्येक $1,000.00 या उसके अंश पर $20.00 का व्यावसायिक कर देना होगा।

6. ~~लाइसेंस प्राप्त~~ ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भांग और/या ऐसे भांग उत्पादों से संबंधित व्यवसाय करता है जिन पर इस धारा के अंतर्गत विशेष रूप से कर नहीं लगाया जाता है, उसे सकल प्राप्तियों के प्रत्येक $1,000.00 या उसके अंश पर $20.00 का व्यावसायिक कर देना होगा।

धारा 3. भांग के व्यवसायों पर कराधान से संबंधित Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1 की धारा 21.51 की उपधारा (d) में इस प्रकार पढ़े जाने के लिए संशोधन किया जाता है:

(d) सभी व्यावसायिक कर त्रैमासिक रूप से बकाया और देय होंगे, जैसा कि 1 जुलाई, 2018 से शुरू होने वाले इस अनुच्छेद की धारा 21.04(b) के अंतर्गत प्रावधान किया गया है, जिसमें 1 जनवरी, 2018 से देय कोई भी कर शामिल होगा, और इसके बाद 1 जुलाई, 2019 से शुरू होने वाले इस अनुच्छेद के अनुभाग 21.04(c) के अंतर्गत प्रावधान किए अनुसार मासिक रूप से देय होंगे। <u>इस प्रकार के व्यावसायिक कर देय होते हैं, चाहे व्यक्ति को लाइसेंस जारी किया गया हो या वह बिना लाइसेंस के संचालन रहा हो।</u>

धारा 4. भांग के व्यवसायों पर कराधान से संबंधित Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1 की धारा 21.51 की उपधारा (f) में इस प्रकार पढ़े जाने के लिए संशोधन किया जाता है:

(f) इस धारा के अधीन किसी व्यक्ति के संबंध में इस अनुच्छेद की धारा 21.08 के तहत व्यावसायिक कर पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करते समय वित्त निदेशक, इस अनुच्छेद की धारा 21.15(h) के तहत किए गए प्रावधान के अनुसार ऐसी अतिरिक्त आवश्यकताओं या शर्तों को निर्धारित कर सकता है जिनमें अनुपालन का हलफनामा और/या लाइसेंस का प्रमाण शामिल हो सकता है <u>या नहीं हो सकता है</u>। इस धारा के अंतर्गत किसी भी अपेक्षित हलफनामे में झूठा बयान देने या गलत जानकारी देने वाला कोई भी व्यक्ति तुच्छ अपराध का दोषी है।

धारा 5. चिकित्सीय भांग के कराधान से संबंधित Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1 की धारा 21.52 की उपधारा (b) में इस प्रकार पढ़े जाने के लिए संशोधन किया जाता है:

(b) इस धारा के प्रयोजनों के लिए, लगाया जाने वाला व्यावसायिक कर निम्नानुसार होगा:

1. ~~लाइसेंस प्राप्त~~ ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो चिकित्सीय भांग की बिक्री से संबंधित व्यवसाय करता है, उसे सकल प्राप्तियों के प्रत्येक $1,000.00 या उसके अंश पर $50.00 का व्यावसायिक कर देना होगा।

धारा 6. चिकित्सीय भांग के व्यवसायों पर कराधान से संबंधित Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1 की धारा 21.52 की उपधारा (d) में इस प्रकार पढ़े जाने के लिए संशोधन किया जाता है:

(d) सभी व्यावसायिक कर त्रैमासिक रूप से बकाया और देय होंगे, जैसा कि 1 जुलाई, 2018 से शुरू होने वाले इस अनुच्छेद की धारा 21.04(b) के अंतर्गत प्रावधान किया गया है, जिसमें 1 जनवरी, 2018 से देय कोई भी कर शामिल होगा, और इसके बाद 1 जुलाई, 2019 से शुरू होने वाले इस अनुच्छेद के अनुभाग 21.04(c) के अंतर्गत प्रावधान किए अनुसार मासिक रूप से देय होंगे। इस प्रकार के व्यावसायिक कर देय होते हैं, चाहे व्यक्ति को लाइसेंस जारी किया गया हो या वह बिना लाइसेंस के संचालन रहा हो।

धारा 7. चिकित्सीय भांग के व्यवसायों पर कराधान से संबंधित Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1 की धारा 21.52 की उपधारा (f) में इस प्रकार पढ़े जाने के लिए संशोधन किया जाता है:

(f) इस धारा के अधीन किसी व्यक्ति के संबंध में इस अनुच्छेद की धारा 21.08 के तहत व्यावसायिक कर पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करते समय वित्त निदेशक, इस अनुच्छेद की धारा 21.15(h) के तहत किए गए प्रावधान के अनुसार ऐसी अतिरिक्त आवश्यकताओं या शर्तों को निर्धारित कर सकता है जिनमें अनुपालन का हलफनामा और/या लाइसेंस का प्रमाण शामिल हो सकता है या नहीं हो सकता है। इस धारा के अंतर्गत किसी भी अपेक्षित हलफनामे में झूठा बयान देने या गलत जानकारी देने वाला कोई भी व्यक्ति तुच्छ अपराध का दोषी है।

धारा 8 मतदाताओं को प्रस्तुत करना। इसमें मौजूद अध्यादेश को सिटी के मतदाताओं के सामने पेश किया जाएगा। यदि डाले गए वोटों के बहुमत से अध्यादेश को अनुमोदित कर दिया जाता है, तो अध्यादेश अधिनियमित हो जाएगा और इसमें निर्धारित लागू धाराएँ इसके बाद Los Angeles नगरपालिका कोड के भाग मानी जाएंगी।

धारा 9. संशोधन। सिटी कौंसिल इस अध्यादेश के किसी भी प्रावधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन ऐसे किसी भी संशोधन के लिए मतदाताओं का अनुमोदन आवश्यक होगा जिसके परिणामस्वरूप कर लगाया जाए, बढ़ाया जाए या उसमें वृद्धि की जाए।

धारा 10. विच्छेदनीयता। अगर इस अध्यादेश या इसके किसी भी भाग की किसी भी धारा, उपधारा, खंड, वाक्य, वाक्यांश या अनुप्रयोग को सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी न्यायालय या न्यायाधिकरण द्वारा असंवैधानिक या अमान्य ठहराया जाता है, तो अध्यादेश की शेष धाराएँ, उपधाराएं, खंड, वाक्य, वाक्यांश, भाग या अनुप्रयोग पूरी तरह से प्रभावी और लागू रहेंगे और इस उद्देश्य के लिए इस अध्यादेश के प्रावधान विच्छेदनीय हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाता यह घोषणा करते हैं कि यदि इस अध्यादेश की किसी भी धारा, उपधारा, खंड, वाक्य, वाक्यांश, भाग या अनुप्रयोग को असंवैधानिक या अमान्य घोषित नहीं किया गया होता, तो वे इसकी सभी धाराओं, उपधाराओं, खंडों, वाक्यों, वाक्यांशों, भागों और अनुप्रयोगों को पारित कर देते।

# TC ऑनलाइन यात्रा कंपनियों पर अस्थायी अधिभोग कर लागू करना। प्रस्ताव TC।

क्या होटल और लॉजिंग मेहमानों द्वारा भुगतान किए जाने वाले सिटी के अस्थायी अधिभोग कर को अद्यतन करने के लिए अध्यादेश अपनाया जाएगा जिसमें ऑनलाइन और अन्य यात्रा कंपनियों से कर एकत्र करने और जमा करने की अपेक्षा होगी (वर्तमान दर 14% है); जिससे मतदाताओं द्वारा समाप्त किए जाने तक सड़क और फुटपाथ की मरम्मत, 911 आपातकालीन प्रतिक्रिया, अग्निशमन और पार्क जैसी सामान्य सिटी सेवाओं के लिए सालाना लगभग 5 मिलियन डॉलर जुटाए जाएंगे?

## निष्पक्ष सारांश
## SHARON M. TSO, मुख्य विधायी विश्लेषक द्वारा

Los Angeles शहर नगरपालिका संहिता (LAMC), अध्याय II, अनुच्छेद 1.7 शहर के ट्रांजिएंट ऑक्यूपेंसी टैक्स (TOT) के लिए दिशानिर्देश प्रदान करती है, जो ऐसे प्रत्येक अतिथि द्वारा भुगतान किया जाने वाला कर है जो लगातार 30 दिनों या उससे कम की अवधि के लिए होटल के कमरे या स्थान पर रहता है। वर्तमान में TOT अतिथि द्वारा भुगतान किए गए कुल किराए का 14 प्रतिशत है, जिसमें सभी शुल्क और सेवा प्रभार शामिल हैं।

ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियां, प्लेटफॉर्म, कंपनियां और अन्य समान मध्यस्थ होटल के कमरों के लिए रियायती या थोक दर पर होटलों के साथ बातचीत करके काम करते हैं और इसके बाद कमरे में रहने के अधिकार के लिए अन्य शुल्क और सेवा प्रभार जोड़कर अतिथियों से अधिक राशि वसूलते हैं। ये अतिरिक्त शुल्क और सेवा प्रभार मौजूदा TOT दिशानिर्देशों के दायरे से बाहर हैं। LAMC होटलों और ऑनलाइन होटल संस्थाओं के लिए यह प्रावधान करती है कि वे ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों द्वारा जोड़े गए सभी शुल्कों और सेवा प्रभारों सहित, कमरे में ठहरने के लिए अतिथि से लिए गए वास्तविक किराए के आधार पर TOT प्रेषित करने के बजाए, कमरे के प्रारंभिक बातचीत से तय किए गए किराए के आधार पर TOT प्रेषित करें।

निम्नलिखित शुल्कों और सेवा प्रभारों सहित ठहरने वाले व्यक्ति द्वारा भुगतान की गई कुल राशि के रूप में TOT की गणना करने के उद्देश्य से किराए की परिभाषा अद्यतन करने के लिए इस विधेयक के तहत LAMC में संशोधन किया जाएगा:

- रियायती कमरे का प्रभार – किराए पर लिए गए होटल में ठहरने के लिए होटल द्वारा ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी, बुकिंग एजेंट या कमरा पुनर्विक्रेता से वसूली जाने वाली कुल राशि;
- सुविधा शुल्क – वह राशि जिससे पोस्ट किया गया कमरा प्रभार, रियायती कमरा प्रभार, यदि कोई हो, से अधिक हो।
- लेन-देन शुल्क, सेवा शुल्क, बुकिंग शुल्क, प्रसंस्करण शुल्क, खुदरा मार्कअप, कमीशन, रद्दीकरण और कमी शुल्क, और California पर्यटन विपणन आकलन;
- अग्रिम आरक्षण की वापस न की गई राशि और किराये की अन्य जमाराशियाँ;
- वस्तुओं या सेवाओं के लिए लगाए गए प्रभार;
- किसी पुरस्कार या इनाम कार्यक्रम से विक्रेता को प्राप्त प्रतिफल या मूल्य; और

- ट्रैवल पैकेज के भाग के रूप में किराए से तर्कसंगत रूप से संबंधित कोई भी अन्य प्रभार।

इसके अतिरिक्त, यह विधेयक होटल के सभी प्रचालकों पर लागू होने वाली एकत्रण आवश्यकताओं को अद्यतन करता है और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों, कंपनियों, प्लेटफार्मों और अन्य समान मध्यस्थों के संबंध में रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को जोड़ता है। इस विधेयक के तहत एकत्र किया गया TOT राजस्व शहर के सामान्य कोष में जमा किया जाएगा और इसका उपयोग शहर की सेवाओं, जैसे कि सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत और अग्निशमन सुरक्षा में सहायता करने के लिए किया जाएगा।

एक अलग मतपत्र विधेयक शहर के TOT अध्यादेश में किराए की परिभाषा के संबंध में LAMC में इसी तरह के संशोधन करता है। इस मतपत्र विधेयक में ऐसा प्रावधान शामिल है जिसमें कहा गया है कि यह अन्य TOT विधेयक का पूरक है और उससे विरोधाभास नहीं रखता है। इस प्रावधान में कहा गया है कि यदि दोनों विधेयकों को मतदाताओं के बहुमत से मंजूरी मिल जाती है, तो दोनों विधेयकों के सभी प्रावधान अधिनियमित और वैध हो जाएंगे।

अगर मतदाताओं के बहुमत से इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह विधेयक प्रभावी हो जाएगा।

## वित्तीय प्रभाव का विवरण
## MATTHEW W. SZABO, शहर के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा

इस विधेयक से शहर के ट्रांजिएंट ऑक्यूपेंसी टैक्स TOT को अपडेट किया जाएगा जिससे ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों से संबंधित एक खामी को दूर किया जा सके। इसके तहत ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों से यह अपेक्षित है कि वे होटल का कमरा बुक करते समय लगाए जाने वाले सभी सेवा प्रभारों और शुल्कों पर लगने वाला TOT एकत्र करें और प्रेषित करें। इस विधेयक से मौजूदा TOT दर पर प्रभाव नहीं पड़ता। इस विधेयक से शहर को सालाना लगभग $5 मिलियन का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। राजस्व को सामान्य कोष में जमा किया जाएगा और इसका उपयोग शहर की सामान्य सेवाओं जैसे अग्निशमन और पुलिस कार्रवाई, सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत, परिवहन और अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इस विधेयक से शहर पर किसी प्रकार की अतिरिक्त लागत आने की आशंका नहीं है।

## प्रस्ताव TC के पक्ष में तर्क

प्रस्ताव TC यह सुनिश्चित करता है कि Los Angeles शहर को वह राजस्व प्राप्त हो जो उसे पहले से ही देय है और आज की यात्रा और बुकिंग प्रथाओं को प्रतिबिंबित करने के लिए अस्थायी अधिभोग कर (TOT) प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जाए। वर्तमान में, कुछ ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों को कानूनी खामियों के चलते होटलों को भुगतान की जाने वाली रियायती थोक दर के आधार पर ही कर जमा करने की अनुमति मिल जाती है, न कि मेहमानों द्वारा भुगतान की गई पूरी कीमत के आधार पर। इसका मतलब है कि शहर को उस राजस्व का नुकसान होता है जिससे महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं का समर्थन किया जाना चाहिए।

यह विधेयक कोई नया कर गठित नहीं करता, बल्कि यह खामियों को दूर करता है और पुराने नियमों को नए ज़माने के हिसाब से बनाता है ताकि प्रणाली इच्छानुसार काम करे। ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों और प्लेटफॉर्मों को ग्राहकों द्वारा भुगतान की गई पूरी राशि पर TOT इकट्ठा करने और जमा करने के लिए बाध्य करके और यह स्पष्ट करके कि होटल से संबंधित कौन से शुल्क कर योग्य हैं, यह विधेयक संहिता में मौजूद पुरानी कमियों को दूर करता है और होटल उद्योग में निष्पक्ष और सुसंगत कर संग्रह सुनिश्चित करता है।

इससे प्राप्त राजस्व आपातकालीन प्रतिक्रिया, बुनियादी ढांचे के रखरखाव और आस-पड़ोस में निवेश जैसी आवश्यक सेवाओं को वित्त पोषित करने में मदद करता है, जिन पर निवासी हर दिन निर्भर रहते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कर होटलों या अल्पकालिक लॉज़ों में ठहरने वाले आगंतुकों द्वारा भुगतान किया जाता है, न कि अधिकांश Los Angeles के निवासियों द्वारा।

प्रस्ताव TC पर हाँ में मतदान करने से Los Angeles को सुचारू रूप से चलाने वाली सेवाओं के लिए निष्पक्षता, ज़वाबदेही और सतत वित्तपोषण सुनिश्चित होगा।

## प्रस्ताव TC के पक्ष में तर्क पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति

TIM MCOSKER
परिषद सदस्य, जिला 15
City of LA

EUNISSES HERNANDEZ
परिषद सदस्य, जिला 1
City of LA

MATT SZABO
नगर प्रशासनिक अधिकारी
City of LA

DOANE LIU
मुख्य नगर पर्यटन अधिकारी
City of LA

BOB BLUMENFIELD
परिषद सदस्य, जिला 3
City of LA

## इस विधेयक के विरुद्ध कोई तर्क दाखिल नहीं किया गया था।

**इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों की राय हैं और उन्हें सटीकता के लिए शहर की किसी भी एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।**

## प्रस्तावित मतपत्र विधेयक का पाठ

**अध्यादेश संख्या__________**

ऐसा अध्यादेश जो Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 के कुछ हिस्सों में संशोधन करता है, जिसके तहत ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों, कंपनियों और प्लेटफार्मों को होटल के कमरे के लिए लगाए गए सभी शुल्कों और फीस पर सिटी ऑफ़ Los Angeles का अस्थायी अधिभोग कर एकत्र करने और जमा करने की आवश्यकता होगी। (नगरपालिका कोड की भाषा में परिवर्तन जोड़ी गई भाषा के लिए रेखांकन टाइप में और मिटाई गई भाषा के लिए ~~स्ट्राइकआउट~~ टाइप में दिखाए गए हैं।)

**जबकि** Los Angeles नगरपालिका कोड सिटी के अस्थायी अधिभोग कर (TOT) की स्थापना करता है जो कि ऐसा कर है जिसका भुगतान उस व्यक्ति द्वारा किया जाता है जो TOT अध्यादेश में परिभाषित किए अनुसार किसी होटल में किसी कमरे या स्थान में रहता है;

**जबकि** वित्त कार्यालय ने ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों के माध्यम से होटल के कमरे बुक करने पर उत्पन्न होने वाली TOT एकत्रण कमी का विश्लेषण करने वाली रिपोर्टें जारी की हैं (परिषद फाइल संख्या 23-0318 और 24-1456 देखें);

**जबकि** वित्त कार्यालय की रिपोर्टों में किए गए विश्लेषण के अनुसार, ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला व्यावसायिक मॉडल, जिसमें ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी होटल के कमरों के लिए रियायती या थोक दर पर मोलभाव करती है, लेकिन इसके बाद ग्राहक से कमरे मे ठहरने के अधिकार के लिए अधिक राशि वसूलती है, जिसके परिणामस्वरूप कमरे से संबंधित प्रभार वर्तमान TOT के दायरे से बाहर हो जाते हैं;

**जबकि** नगर प्रशासनिक अधिकारी ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों द्वारा भुगतान की जाने वाली थोक या रियायती दरों और ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी के माध्यम से होटल के कमरों के लिए भुगतान करने वाले होटल मेहमानों द्वारा भुगतान की गई राशि के बीच मौद्रिक अंतर से उत्पन्न इस TOT एकत्रण अंतर को दूर करने से सिटी के आम ऑपरेटिंग बजट को होने वाले राजकोषीय लाभों का उल्लेख किया गया है; और

**जबकि** यदि मतदाताओं द्वारा इस मतपत्र विधेयक का अनुमोदन कर दिया जाता है, तो यह ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों की व्यावसायिक गतिविधि से उत्पन्न एकत्रण की कमी को दूर करने के लिए सिटी के मौजूदा TOT अध्यादेश को अद्यतन कर देगा।

**इसलिए अब,**

**सिटी ऑफ़ LOS ANGELES**
**के लोग निम्नानुसार आदेश देते हैं:**

धारा 1। Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.2 के पहले पैराग्राफ को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

> सिवाए इसके कि जहाँ संदर्भ के लिए अन्यथा अपेक्षित न हो, वहाँ इस धारा में दी गई परिभाषाएँ इस अनुच्छेद की संरचना को नियंत्रित करती हैं। इन परिभाषाओं का उद्देश्य इस अनुच्छेद के अंतर्गत कर लगाने, एकत्र करने और प्रेषित करने के पक्ष में व्यापक रूप से अर्थ लगाया जाना है।

धारा 2. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.2 की उपधारा (e) को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

(e) किराया। "किराया" से तात्पर्य होटल में किसी स्थान के उपयोग के लिए वसूल किए जाने वाले प्रतिफल से है, चाहे वह प्राप्त हुआ हो या नहीं, जिसका मूल्य धन में निर्धारित किया जाता है, चाहे वह नकद, वस्तुओं, श्रम या किसी अन्य रूप में प्राप्त हो, जिसमें सभी प्राप्तियां, नकदी, क्रेडिट और किसी भी प्रकार की संपत्ति और सेवाएं बिना किसी कटौती के शामिल हैं।, और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:- इस परिभाषा में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह अर्थ लगाया जाए कि किराया, होटल में किसी स्थान के उपयोग के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तब लिया जाता है जब वह स्थान ऑपरेटर द्वारा उपयोगकर्ता को निःशुल्क प्रदान किया जाता है और किसी अन्य व्यक्ति से कोई प्रतिफल नहीं लिया जाता है या प्राप्त नहीं किया जाता है।

1. कमरे के प्रभारों और सुविधा शुल्क में छूट;

2. लेन-देन शुल्क, सेवा शुल्क, बुकिंग शुल्क, प्रसंस्करण शुल्क, खुदरा मार्कअप, कमीशन, रद्दीकरण और कमी शुल्क, और California पर्यटन विपणन मूल्यांकन;

3. वापस न की गई अग्रिम आरक्षण की राशि और अन्य किराये की जमा राशि;

4. वस्तुओं या सेवाओं के लिए लगाए जाने वाले प्रभार, जिनमें फर्नीचर, फिक्स्चर, उपकरण, लिनेन, तौलिए, गैर-सिक्का संचालित तिजोरियां; स्पा या फिटनेस सेंटर का उपयोग या पहुंच; रिसॉर्ट का उपयोग या पहुंच (जिसे आमतौर पर रिसॉर्ट या गंतव्य शुल्क कहा जाता है); इंटरनेट, टेलीविजन और फ़ोन की पहुंच या उपयोग; हाउसकीपिंग या कमरे की सफाई; पालतू पशु-पक्षियों का रहना, पालतू पशु-पक्षियों का शुल्क या पालतू पशु-पक्षियों से संबंधित सफाई; अतिरिक्त मेहमान/थोड़ी अवधि तक ठहरने वाले व्यक्ति; और/या आंशिक दिन, या जल्दी या देर से आगमन या प्रस्थान शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

5. किसी पुरस्कार या इनाम कार्यक्रम से ऑपरेटर द्वारा प्राप्त प्रतिफल या मूल्य, जिसमें पुरस्कार अंक, प्रोत्साहन या बोनस का भुनाना शामिल है; और

6. ट्रैवल पैकेज के हिस्से के रूप में किराए से तर्कसंगत रूप से संबंधित कोई भी अन्य प्रभार।

इस परिभाषा में किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि होटल में किसी स्थान के उपयोग के लिए तब प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किराया वसूला जाता है, जब वह स्थान ऑपरेटर द्वारा किरायेदार को निःशुल्क रूप से प्रदान किया जाता है और किसी भी अन्य व्यक्ति से कोई प्रतिफल नहीं वसूला जाता है या प्राप्त नहीं किया जाता है।

धारा 3. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.2 की उपधारा (f) को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

(f) ऑपरेटर। “ऑपरेटर” का अर्थ है ऐसा कोई भी व्यक्ति जो मुख्य ऑपरेटर या सहायक ऑपरेटर हो। ऐसा व्यक्ति जो या तो होटल का मालिक है या कोई ऐसा अन्य व्यक्ति जिसे होटल के भीतर कमरे किराए पर देने का अधिकार है, चाहे वह मालिक, पट्टेदार, कब्जा प्राप्त रेहनदार, लाइसेंसधारी या किसी भी अन्य क्षमता में हो। होटल के संचालन के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार स्वामी या मालिक को ही मुख्य ऑपरेटर माना जाएगा। यदि मुख्य ऑपरेटर अपने कार्यों को पूर्णतः या आंशिक रूप से किसी प्रबंध एजेंट, बुकिंग

~~एजेंट, कमरा विक्रेता या कमरा पुनर्विक्रेता, या किसी अन्य एजेंट या ठेकादाता के माध्यम से निष्पादित करता है या सौंपता है, जिसमें इस संहिता की धारा 12.03 में परिभाषित होस्टिंग प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन कमरा विक्रेता, ऑनलाइन कमरा पुनर्विक्रेता और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, जो कर्मचारी के सिवाए किसी भी प्रकार के हों, तो ऐसे व्यक्तियों को सहायक ऑपरेटर माना जाएगा।~~

~~इस अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए सहायक ऑपरेटर को ऑपरेटर माना जाएगा और उसके वही कर्तव्य और दायित्व होंगे जो मुख्य ऑपरेटर के होते हैं, जिनमें इस अनुच्छेद के प्रावधानों के तहत सिटी को देय कर की पूरी राशि का एकत्र किया जाना और भेजना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। कोई सहायक ऑपरेटर इस अनुच्छेद के तहत देय कर की पूरी राशि प्रस्तुत करके इस अनुच्छेद के प्रावधानों के तहत अपने दायित्वों को पूरा कर सकता है जिसमें किसी भी अन्य ऑपरेटर को, वित्त निदेशक को सीधे या मुख्य ऑपरेटर के माध्यम से, किसी भी कर के लिए क्रेडिट भेजे जा सकते हैं।~~

~~चाहे मुख्य ऑपरेटर द्वारा या सहायक ऑपरेटर द्वारा इस अनुच्छेद के प्रावधानों का अनुपालन, दोनों द्वारा अनुपालन माना जाएगा और इस अनुच्छेद के किसी भी प्रावधान के अंतर्गत थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति द्वारा देय कर की पूरी राशि के सिवाए किसी भी अन्य राशि के भुगतान और/या प्रेषण की आवश्यकता नहीं माना जाएगा।~~

धारा 4. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.2 में (g) से (n) तक नई उपधाराएं निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए जोड़ी जाती हैं:

(g) सुविधा शुल्क। "सुविधा शुल्क" से तात्पर्य उस राशि से है जिसके द्वारा पोस्ट किया गया कमरा प्रभार, रियायती कमरा प्रभार, यदि कोई हो, से अधिक होता है।

(h) मध्यस्थ। “मध्यस्थ” का अर्थ ऐसा कोई भी व्यक्ति है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से (i) किसी होटल में रहने की सुविधा प्रदान करता है, और (ii) ऐसे रहने के संबंध में किराया वसूलता है, एकत्र करता है या प्राप्त करता है, जिसमें सीमा के बिना सुविधा शुल्क शामिल हो सकता है। मध्यस्थ में, बिना किसी सीमा के, कोई यात्रा या बुकिंग एजेंट, इस संहिता की धारा 12.22 A.32 के तहत परिभाषित होस्टिंग प्लेटफ़ॉर्म, कोई कमरा विक्रेता या पुनर्विक्रेता, कोई ऑनलाइन कमरा विक्रेता या पुनर्विक्रेता, और किसी भी प्रकार या प्रकृति का कोई ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट या कंपनी शामिल हैं।

(i) होटल में रहने की सुविधा प्रदान करता है। "होटल में रहने की सुविधा प्रदान करता है" का अर्थ है - (ग्राहक) आम जनता द्वारा होटल में रहने के अधिकार की खरीद, बिक्री या इसके अधिकार के लिए दलाली करना, समन्वय करना या किसी अन्य तरीके से व्यवस्था करना।

(j) रियायती कमरा प्रभार। "रियायती कमरा प्रभार" से तात्पर्य किसी होटल में किराए पर रहने के लिए ऑपरेटर द्वारा सहायक ऑपरेटर से ली जाने वाली कुल राशि से है।

(k) पोस्ट किया गया कमरा प्रभार। "पोस्ट किया गया कमरा प्रभार" से तात्पर्य किसी मध्यस्थ द्वारा किसी थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति से लिए जाने वाले कुल प्रतिफल से है, जिसमें बिक्री के संबंध में करों से पहले लगाए गए कोई भी शुल्क या प्रभार शामिल हैं।

(l) ट्रैवल पैकेज। "ट्रैवल पैकेज" का अर्थ कोई ऐसा आवास है जिसमें एक या अधिक अलग-अलग घटक शामिल हों जैसे हवाई परिवहन, कार किराए पर लेना, या इसी तरह की चीजें और जिनके लिए एक ही खुदरा मूल्य पर वसूली की जाए।

(m) सहायक ऑपरेटर। "सहायक ऑपरेटर" से तात्पर्य किसी भी ऐसे व्यक्ति से है जो प्रबंध एजेंट, बुकिंग एजेंट, कमरा विक्रेता या कमरा पुनर्विक्रेता, दलाल, मध्यस्थ, या कोई अन्य एजेंट या ठेकादाता है, जिसमें इस संहिता की धारा 12.22 A.32 में परिभाषित होस्टिंग प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन कमरा विक्रेता, ऑनलाइन कमरा पुनर्विक्रेता और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, चाहे उनका प्रकार या प्रकृति कोई भी हो जिन्हें मुख्य ऑपरेटर किसी कर्मचारी के सिवाए, अपने किसी भी कार्य को, पूर्ण या आंशिक रूप से सौंपता है।

(n) मुख्य ऑपरेटर। "मुख्य ऑपरेटर" से तात्पर्य किसी ऐसे व्यक्ति से है जिसे होटल के भीतर कमरे किराए पर देने का अधिकार है, चाहे वह मालिक, पट्टेदार, कब्जा प्राप्त रेहनदार, लाइसेंसधारी या किसी अन्य क्षमता में हो और जो होटल के संचालन के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार हो।

धारा 5. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.5 को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

**धारा 21.7.5. ऑपरेटर के कर्तव्य।**

प्रत्येक ऑपरेटर इस अनुच्छेद द्वारा लगाए गए कर को उसी सीमा तक और उसी समय वसूल करेगा जिस समय थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति से किराया वसूल किया जाता है। कर की राशि, वसूल किए गए किराए की राशि से अलग से बताई जाएगी और थोड़े समय तक ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ऑपरेटर से भुगतान की रसीद प्राप्त होगी। ~~होटल का~~ कोई भी ऑपरेटर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी तरीके से यह विज्ञापन या उल्लेख नहीं करेगा कि कर या उसका कोई भाग ऐसे ऑपरेटर द्वारा वहन किया जाएगा या अवशोषित किया जाएगा या इसे किराए में नहीं जोड़ा जाएगा, या यह कि यदि जोड़ा जाता है, तो इसका कोई भी हिस्सा यहाँ दिए गए तरीके के सिवाए किसी अन्य तरीके से वापस किया जाएगा। कोई सहायक ऑपरेटर इस अनुच्छेद के तहत देय कर की पूरी राशि प्रस्तुत करके इस अनुच्छेद के प्रावधानों के तहत अपने दायित्वों को पूरा कर सकता है जिसमें किसी भी संगत ऑपरेटर को, या तो वित्त निदेशक को सीधे या ऐसे अन्य संगत ऑपरेटर के माध्यम से, किसी भी कर के लिए क्रेडिट भेजा जा सकता है। चाहे मुख्य ऑपरेटर द्वारा या सहायक ऑपरेटर द्वारा इस अनुच्छेद के प्रावधानों का अनुपालन, लागू कर दायित्व के संबंध में दोनों द्वारा अनुपालन माना जाएगा और इस अनुच्छेद के किसी भी प्रावधान के अंतर्गत थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति द्वारा देय कर की पूरी राशि के सिवाए किसी भी अन्य राशि के भुगतान और/या प्रेषण की आवश्यकता नहीं माना जाएगा।

धारा 6. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.7 के पहले पैराग्राफ को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

~~प्रत्येक~~ एक ऑपरेटर प्रत्येक कैलेंडर माह के 25वें दिन को या उससे पहले वित्त निदेशक को पिछले कैलेंडर माह के दौरान लगाए गए और प्राप्त किए गए कुल किराए तथा थोड़े समय तक ठहरने के लिए एकत्रित कर की राशि का विवरण प्रस्तुत करेगा जिसमें, लागू होने की सीमा तक, ऐसे पिछले कैलेंडर माह के लिए प्रत्येक सहायक ऑपरेटर से प्राप्त किराए की राशि का विवरण शामिल है। विवरण दाखिल करते समय, एकत्रित कर की पूरी राशि और वह कर जो एकत्र नहीं किया गया है लेकिन जिसे एकत्र किया जाना आवश्यक है,

वित्त निदेशक को भेज दिया जाएगा। धारा 21.7.8 में दिए गए प्रावधानों के सिवाए, किसी ऑपरेटर को वित्त निदेशक को कर की ऐसी कोई भी राशि भेजने की आवश्यकता नहीं होगी जो थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति से एकत्र न की गई हो और न ही एकत्र की जानी आवश्यक हो। इस अनुच्छेद के अनुसार ऑपरेटरों द्वारा एकत्र किए गए और एकत्र किए जाने के लिए आवश्यक सभी करों को सिटी के खाते में तब तक ट्रस्ट के रूप में रखा जाएगा जब तक कि उनका भुगतान सिटी को नहीं कर दिया जाता। इस अनुच्छेद के अंतर्गत देय कर की पूरी राशि, चाहे वह एकत्र की गई हो या देय हो लेकिन एकत्र न की गई हो, ऑपरेटर द्वारा सिटी को देय ऋण मानी जाएगी और सिटी को भुगतान करने पर ही उसका निपटान किया जाएगा।

धारा 7. मतदाताओं को प्रस्तुत करना। इसमें मौजूद अध्यादेश को सिटी के मतदाताओं के सामने पेश किया जाएगा। यदि डाले गए वोटों के बहुमत से अध्यादेश को अनुमोदित कर दिया जाता है, तो अध्यादेश अधिनियमित हो जाएगा और इसमें निर्धारित लागू धाराएँ इसके बाद Los Angeles नगरपालिका कोड के भाग मानी जाएंगी।

धारा 8. संशोधन। परिषद इस अध्यादेश के किसी भी प्रावधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन ऐसे किसी भी संशोधन के लिए मतदाता का अनुमोदन आवश्यक होगा जिसके परिणामस्वरूप कर लगाया जाए, बढ़ाया जाए या उसमें वृद्धि की जाए।

धारा 9. विच्छेदनीयता। अगर इस अध्यादेश या इसके किसी भी भाग की किसी भी धारा, उपधारा, खंड, वाक्य, वाक्यांश या अनुप्रयोग को सक्षम न्याय सीमा के किसी भी न्यायालय या न्यायाधिकरण द्वारा असंवैधानिक या अमान्य ठहराया जाता है, तो अध्यादेश की शेष धाराएँ, उपधाराएं, खंड, वाक्य, वाक्यांश, भाग या अनुप्रयोग पूरी तरह से प्रभावी और लागू रहेंगे और इस उद्देश्य के लिए इस अध्यादेश के प्रावधान विच्छेदनीय हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाता यह घोषणा करते हैं कि यदि इस अध्यादेश की किसी भी धारा, उपधारा, खंड, वाक्य, वाक्यांश, भाग या अनुप्रयोग को असंवैधानिक या अमान्य घोषित नहीं किया गया होता, तो वे इसकी सभी धाराओं, उपधाराओं, खंडों, वाक्यों, वाक्यांशों, भागों और अनुप्रयोगों को पारित कर देते।

धारा 10. सिटी कौंसिल और मतदाताओं का इरादा इस विधेयक को उस मतपत्र विधेयक के पूरक और सहायक के रूप में प्रस्तुत करना है जो अस्थायी अधिभोग कर को बढ़ाने से संबंधित है जिसे सिटी कौंसिल द्वारा मतदाताओं के समक्ष इस विधेयक के साथ ही समान मतपत्र पर प्रदर्शित करने के लिए पेश किया गया है। यदि दोनों विधेयकों को मतदाताओं के बहुमत से अनुमोदन मिल जाता है, तो विधेयक के प्रावधानों को एक दूसरे के पूरक और सहायक माना जाएगा, न कि परस्पर विरोधी, और दोनों विधेयकों के सभी प्रावधान अधिनियमित और वैध होंगे।

**TT** **अस्थायी अधिभोग कर में संशोधनों के माध्यम से सिटी की सेवाओं के लिए धन जुटाना। प्रस्ताव TT।**

क्या सिटी की सामान्य सेवाओं, जैसे कि सड़क/फुटपाथ की मरम्मत, 911 आपातकालीन प्रतिक्रिया, अग्निशमन और पार्कों के लिए धन जुटाने के लिए अध्यादेश अपनाया जाएगा जिसमें होटल और लॉज में ठहरने वाले मेहमानों द्वारा वर्तमान में भुगतान किए जाने वाले 14% अस्थायी अधिभोग कर को 2028 तक 16% और उसके बाद 15% तक बढ़ाया जाए; और ऑनलाइन और अन्य यात्रा कंपनियों से कर एकत्र करने और जमा करने की अपेक्षा की जाए; जिससे मतदाताओं द्वारा समाप्त किए जाने तक प्रतिवर्ष लगभग 22-44 मिलियन डॉलर जुटाए जाएंगे?

**निष्पक्ष सारांश**
**SHARON M. TSO, मुख्य विधायी विश्लेषक द्वारा**

Los Angeles शहर नगरपालिका संहिता (LAMC), अध्याय II, अनुच्छेद 1.7 शहर के ट्रांजिएंट ऑक्यूपेंसी टैक्स (TOT) के लिए दिशानिर्देश प्रदान करती है, जो ऐसे प्रत्येक अतिथि द्वारा भुगतान किया जाने वाला कर है जो लगातार 30 दिनों या उससे कम की अवधि के लिए होटल के कमरे या स्थान पर रहता है। वर्तमान TOT अतिथि द्वारा भुगतान किए गए कुल किराए का 14 प्रतिशत है, जिसमें सभी शुल्क और सेवा प्रभार शामिल हैं। 14 प्रतिशत की TOT दर 1993 से प्रभावी रही है। इस विधेयक के तहत LAMC में संशोधन किया जाएगा जिससे 31 दिसंबर, 2028 तक TOT दर में अस्थायी रूप से दो प्रतिशत की वृद्धि करके इसे 16 प्रतिशत तक पहुंचाया जा सके और इसके बाद 1 जनवरी, 2029 को या उसके बाद 15 प्रतिशत की स्थायी TOT दर स्थापित की जा सके।

ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियां, कंपनियां, प्लेटफॉर्म और अन्य समान मध्यस्थ होटल के कमरों के लिए रियायती या थोक दर पर होटलों के साथ बातचीत करके काम करते हैं और इसके बाद कमरे में ठहरने के अधिकार के लिए अन्य शुल्क और सेवा प्रभार जोड़कर अतिथियों से अधिक राशि वसूलते हैं। ये अतिरिक्त शुल्क और सेवाएं प्रभार मौजूदा TOT दिशानिर्देशों के दायरे से बाहर हैं। LAMC होटलों और ऑनलाइन होटल संस्थाओं के लिए यह प्रावधान करती है कि वे ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों द्वारा जोड़े गए सभी शुल्कों और सेवा प्रभारों सहित, कमरे में ठहरने के लिए अतिथि से लिए गए वास्तविक किराए के आधार पर TOT प्रेषित करने के बजाए, कमरे के प्रारंभिक बातचीत से तय किए गए किराए के आधार पर TOT प्रेषित करें।

इस विधेयक में निम्नलिखित शुल्कों और सेवा प्रभारों सहित ठहरने वाले द्वारा भुगतान की गई कुल राशि के रूप में TOT की गणना के प्रयोजन के लिए किराए की परिभाषा को अद्यतन करने के लिए LAMC में संशोधन किया जाएगा:

- रियायती कमरे का प्रभार – किराए पर लिए गए होटल में ठहरने के लिए होटल द्वारा ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी, बुकिंग एजेंट या कमरा पुनर्विक्रेता से वसूली जाने वाली कुल राशि;

- सुविधा शुल्क – वह राशि जिससे पोस्ट किया गया कमरा प्रभार, रियायती कमरा प्रभार, यदि कोई हो, से अधिक हो।
- लेन-देन शुल्क, सेवा शुल्क, बुकिंग शुल्क, प्रसंस्करण शुल्क, खुदरा मार्कअप, कमीशन, रद्दीकरण और कमी शुल्क, और California पर्यटन विपणन आकलन;
- अग्रिम आरक्षण की वापस न की गई राशि और किराये की अन्य जमाराशियाँ;
- वस्तुओं या सेवाओं के लिए लगाए गए प्रभार;
- किसी पुरस्कार या इनाम कार्यक्रम से विक्रेता को प्राप्त प्रतिफल या मूल्य; और
- ट्रैवल पैकेज के भाग के रूप में किराए से तर्कसंगत रूप से संबंधित कोई भी अन्य प्रभार।

इसके अतिरिक्त, यह विधेयक होटल के सभी प्रचालकों पर लागू होने वाली एकत्रण आवश्यकताओं को अद्यतन करता है और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों, कंपनियों, प्लेटफार्मों और अन्य समान मध्यस्थों के संबंध में रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को जोड़ता है। इस विधेयक के तहत एकत्र किया गया TOT राजस्व शहर के सामान्य कोष में जमा किया जाएगा और इसका उपयोग शहर की सेवाओं, जैसे कि सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत और अग्निशमन सुरक्षा में सहायता करने के लिए किया जाएगा।

एक अलग मतपत्र विधेयक शहर के TOT अध्यादेश में किराए की परिभाषा के संबंध में LAMC में इसी तरह के संशोधन करता है। इस मतपत्र विधेयक में ऐसा प्रावधान शामिल है जिसमें कहा गया है कि यह अन्य TOT विधेयक का पूरक है और उससे विरोधाभास नहीं रखता है। इस प्रावधान में कहा गया है कि यदि दोनों विधेयकों को मतदाताओं के बहुमत से मंजूरी मिल जाती है, तो दोनों विधेयकों के सभी प्रावधान अधिनियमित और वैध हो जाएंगे।

अगर मतदाताओं के बहुमत से इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह विधेयक प्रभावी हो जाएगा।

## वित्तीय प्रभाव का विवरण
## MATTHEW W. SZABO, शहर के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा

इस विधेयक से शहर का ट्रांजिएंट ऑक्यूपेंसी टैक्स TOT 14% से बढ़कर 2028 तक 16% हो जाएगा। इस वृद्धि से शहर को सालाना $44 मिलियन का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है, जिससे 2028 तक शहर और उसके आसपास होने वाले प्रमुख आयोजनों के दौरान शहर की सेवाओं और बुनियादी ढांचे पर पड़ने वाले बढ़े हुए बोझ की भरपाई की जा सकेगी, जिसमें 2027 का सुपर बाउल और 2028 के ओलंपिक और पैरालंपिक खेल शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। 2029 में, TOT दर घटकर 15% हो जाएगी, जिससे सामान्य शहर सेवाओं के लिए अनुमानित $22 मिलियन का जारी वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा। इस विधेयक से ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों से संबंधित खामी को दूर करने के लिए TOT को भी अपडेट किया जाएगा। इसके तहत ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों से यह अपेक्षित है कि वे होटल का कमरा बुक करते समय लगाए जाने वाले सभी सेवा प्रभारों और शुल्कों पर लगने वाला TOT एकत्र करें और प्रेषित करें। इस विधेयक से शहर पर किसी प्रकार की अतिरिक्त लागत आने की आशंका नहीं है।

## प्रस्ताव TT के विरुद्ध तर्क

### Los Angeles में होटल कर बढ़ाने वाले प्रस्ताव TT पर नहीं का मतदान करें

Los Angeles में पहले से ही California के उच्चतम होटल कर दरों में से एक, 14% लागू है। प्रस्ताव TT अस्थायी अधिभोग कर (होटल कर) को बढ़ाता है, जो आगंतुकों को Los Angeles शहर की सीमाओं से बाहर धकेल देगा, शहर की प्रमुख सेवाओं के लिए कर राजस्व को कम करेगा और पर्यटन पर टिकी व्यापक अर्थव्यवस्था में नौकरियों को खतरे में डाल देगा।

महामारी के बाद से Los Angeles में पर्यटन पूरी तरह से पटरी पर नहीं लौट पाया है। आगंतुकों की मांग 2019 के स्तर से नीचे बनी हुई है, जबकि होटल के परिचालन लागत में लगातार वृद्धि हो रही है। कई कंपनियां पहले से ही कर्मचारियों, सेवाओं और कार्य समय को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

पिछले दो वर्षों में शहर को होटल कर राजस्व में $28 मिलियन की कमी का सामना करना पड़ा है। इन करों से सड़कों, पार्कों और सार्वजनिक सुरक्षा सहित आवश्यक सेवाओं का वित्तपोषण होता है। पर्यटन कर में नई वृद्धि से यह घाटा और भी बढ़ जाता है क्योंकि इससे आगंतुक Long Beach, Santa Monica या Beverly Hills जैसे पड़ोसी शहरों की ओर आकर्षित होंगे।

पर्यटन से पाँच लाख से अधिक अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियाँ मिलती हैं और रेस्तरां, सांस्कृतिक संस्थानों, मनोरंजन स्थलों और छोटे व्यवसायों में स्थानीय खर्च को बढ़ावा मिलता है। जब आगंतुक शहर की सीमा से बाहर रहने और वहीं खर्च करने का विकल्प चुनेंगे, तो Los Angeles को छोटे व्यवसायों और स्थानीय नौकरियों को संरक्षण देने वाली महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि का नुकसान होगा।

कर बढ़ाने से Los Angeles को विश्व कप और ओलंपिक जैसे बड़े वैश्विक आयोजनों की तैयारी करने में मदद नहीं मिलने वाली। आगंतुकों के लिए बढ़ती लागत की वजह से Los Angeles यात्रियों और सम्मेलनों के लिए कम आकर्षक जगह बनेगी, खासकर तब जब शहर को आसपास के कई किफायती जगहों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती हो।

प्रस्ताव TT पर्यटन और आतिथ्य के क्षेत्र में भविष्य के निवेश को हतोत्साहित करता है। जब नए होटल और विकास परियोजनाएँ शहर से बाहर स्थानांतरित होंगी, तब Los Angeles में भवन-निर्माण संबंधी नौकरियाँ, दीर्घकालिक रोज़गार और भविष्य के राजस्व स्रोत खत्म हो जाएँगे।

Los Angeles की वित्तीय स्थिति को स्थिर करने के लिए ऐसे बेहतर उपाय उपलब्ध हैं, जिनसे शहर के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं में से एक और उसकी महत्वपूर्ण आर्थिक शक्तियों को कमजोर किए बिना लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

रोजगार बचाएँ। पर्यटन की रक्षा करें। उन राजस्वों की रक्षा करें जिनसे हमारे आपातकालीन सेवाओं के लिए धन प्राप्त होता है।

**प्रस्ताव TT पर नहीं का मतदान करें।**

**इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों की राय हैं और उन्हें सटीकता के लिए शहर की किसी भी एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।**

## प्रस्ताव TT के विरुद्ध तर्क पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति

JOHN S. LEE
परिषद सदस्य, 12वाँ जिला

ROBERT C. LAPSLEY
अध्यक्ष
California Business Roundtable

RAY PATEL
अध्यक्ष
Northeast Los Angeles Hotel Owners Association

JACKIE FILLA
अध्यक्ष/मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Hotel Association of Los Angeles

CHAD MAENDER
अध्यक्ष/मुख्य कार्यकारी अधिकारी
LAX Coastal Chamber

TRACY HERNANDEZ
संस्थापक मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Los Angeles County Business Federation

**इस विधेयक के पक्ष में तर्क दाखिल नहीं किया गया था।**

## प्रस्ताव TT के विरुद्ध खंडन तर्क

**प्रस्ताव TT बिना किसी जवाबदेही के Los Angeles के सभी निवासियों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।**

होटल Los Angeles के निवासियों को आवश्यक आवास सुविधा प्रदान करते हैं—इनमें आपात स्थितियों के कारण विस्थापित किराएदार, वरिष्ठ नागरिक, पट्टे के बीच काम करने वाले श्रमिक, प्रियजनों से मिलने आने वाले परिवार के लोग और वाउचर कार्यक्रमों के माध्यम से आवास प्राप्त करने वाले बेघर लोग शामिल हैं। कर में वृद्धि करने से उन निवासियों के लिए वहन करने की क्षमता बढ़ेगी, जो हमारे आवासीय सुरक्षा तंत्र के हिस्से के रूप में इन होटलों पर निर्भर हैं। प्रस्ताव TT का असर सिर्फ़ पर्यटकों पर ही नहीं पड़ेगा, बल्कि Los Angeles के उन निवासियों पर भी पड़ेगा जो साल भर होटलों पर निर्भर रहते हैं।

प्रस्ताव TT के तहत यह कर राजस्व शहर के सामान्य कोष में जाएगा, जिसका अर्थ है कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि पैसा कैसे खर्च किया जाएगा। **प्रस्ताव TT कर में एक स्थायी वृद्धि है, जिसमें न तो कोई स्पष्ट जवाबदेही है और न ही कोई समर्पित निधि है।**

करों में दोबारा वृद्धि करने से पहले, Los Angeles को मौजूदा संसाधनों का अधिक ज़िम्मेदारी से प्रबंधन करने पर ध्यान देना चाहिए।

**प्रस्ताव TT पर नहीं में मतदान करें!**

### प्रस्ताव TT के विरुद्ध खंडन तर्क पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति

JOHN S. LEE
परिषद सदस्य, 12वाँ जिला

**इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों की राय हैं और उन्हें सटीकता के लिए शहर की किसी भी एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।**

## प्रस्तावित मतपत्र विधेयक का पाठ

**अध्यादेश संख्या__________**

सिटी ऑफ़ Los Angeles के अस्थायी अधिभोग कर को 2028 तक 16% और उसके बाद 15% तक बढ़ाने और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों, कंपनियों और प्लेटफार्मों के लिए होटल के कमरे के लिए लगाए गए सभी प्रभारों और शुल्कों पर कर एकत्र करने और भेजने को आवश्यक बनाने के लिए Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 के हिस्सों में संशोधन करने वाला अध्यादेश। (नगरपालिका कोड की भाषा में परिवर्तन जोड़ी गई भाषा के लिए रेखांकन टाइप में और मिटाई गई भाषा के लिए ~~स्ट्राइकआउट~~ टाइप में दिखाए गए हैं।)

**जबकि** Los Angeles नगरपालिका कोड सिटी के अस्थायी अधिभोग कर (TOT) की स्थापना करता है जो कि ऐसा कर है जिसका भुगतान उस व्यक्ति द्वारा किया जाता है जो TOT अध्यादेश में परिभाषित किए अनुसार किसी होटल में किसी कमरे या स्थान में रहता है;

**जबकि** सिटी के मौजूदा TOT में निहित कर दर कमरे के प्रभार की 14% है;

**जबकि** आसपास की अन्य सिटीज़, सिटी ऑफ़ Los Angeles की तुलना में अधिक TOT दर लागू करती हैं;

**जबकि** नगर प्रशासनिक अधिकारी (CAO) ने रिपोर्टें जारी की है जिनमें सिटी की राजकोषीय स्थिरता को मजबूत बनाने और सड़क और फुटपाथ की मरम्मत, आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवाओं, अग्निशमन, पार्क और पार्क प्रोग्रामिंग, और अन्य सामान्य सिटी सेवाओं सहित मुख्य सेवाओं को संरक्षित करने की आवश्यकता को दर्शाया गया है (परिषद फाइल संख्या 25-0029 देखें);

**जबकि** सिटी को उम्मीद है कि 2027 के सुपर बाउल और 2028 के ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए Los Angeles क्षेत्र के बाहर से बड़ी संख्या में लोग सिटी में आएंगे जिससे सिटी की सेवाओं की मांग बढ़ेगी और सिटी के बुनियादी ढांचे पर बोझ पड़ेगा;

**जबकि** यदि मतदाताओं द्वारा इस विधेयक का अनुमोदन कर दिया जाता है, तो यह क्षेत्र की पर्यटन अर्थव्यवस्था से राजस्व जुटाने के लिए 2028 तक सिटी की वर्तमान TOT दर में अस्थायी रूप से 2% की वृद्धि करेगा, जिसमें 2027 सुपर बाउल और 2028 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए लोगों के आने से वृद्धि होने की उम्मीद है, और उसके बाद, सिटी के आम ऑपरेटिंग बजट को बढ़ाने के लिए राजस्व का एक अतिरिक्त स्रोत प्रदान करने के लिए वर्तमान TOT दर में 1% की वृद्धि करेगा जिससे सिटी को आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा सकें;

**जबकि** वित्त कार्यालय ने ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों के माध्यम से होटल के कमरे बुक करने पर उत्पन्न होने वाली TOT एकत्रण कमी का विश्लेषण करने वाली रिपोर्टें जारी की हैं (परिषद फाइल संख्या 23-0318 और 24-1456 देखें);

**जबकि** वित्त कार्यालय की रिपोर्टों में किए गए विश्लेषण के अनुसार, ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला व्यावसायिक मॉडल, जिसमें ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी होटल के कमरों के लिए रियायती या थोक दर पर मोलभाव करती है, लेकिन इसके बाद ग्राहक से कमरे में ठहरने के अधिकार के लिए अधिक राशि वसूलती है, जिसके परिणामस्वरूप कमरे से संबंधित प्रभार वर्तमान TOT के दायरे से बाहर हो जाते हैं;

**जबकि** CAO ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों द्वारा भुगतान की जाने वाली थोक या रियायती दरों और ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी के माध्यम से होटल के कमरों के लिए भुगतान करने वाले होटल मेहमानों द्वारा भुगतान की गई राशि के बीच मौद्रिक अंतर से उत्पन्न होने

वाले इस TOT एकत्रण अंतर को दूर करने से सिटी के आम ऑपरेटिंग बजट को होने वाले राजकोषीय लाभों का उल्लेख किया गया है; और

**जबकि** यदि मतदाताओं द्वारा इस मतपत्र विधेयक का अनुमोदन कर दिया जाता है, तो यह ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों की व्यावसायिक गतिविधि से उत्पन्न एकत्रण की कमी को दूर करने के लिए सिटी के मौजूदा TOT अध्यादेश को अद्यतन कर देगा।

**इसलिए अब,**

**सिटी ऑफ़ LOS ANGELES**
**के लोग निम्नानुसार आदेश देते हैं:**

धारा 1। Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.2 के पहले पैराग्राफ को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

> सिवाए इसके कि जहाँ संदर्भ के लिए अन्यथा अपेक्षित न हो, वहाँ इस धारा में दी गई परिभाषाएँ इस अनुच्छेद की संरचना को नियंत्रित करती हैं। इन परिभाषाओं का उद्देश्य इस अनुच्छेद के अंतर्गत कर लगाने, एकत्र करने और प्रेषित करने के पक्ष में व्यापक रूप से अर्थ लगाया जाना है।

धारा 2. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.2 की उपधारा (e) को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

> (e) किराया। "किराया" से तात्पर्य होटल में किसी स्थान के उपयोग के लिए वसूल किए जाने वाले प्रतिफल से है, चाहे वह प्राप्त हुआ हो या नहीं, जिसका मूल्य धन में निर्धारित किया जाता है, चाहे वह नकद, वस्तुओं, श्रम या किसी अन्य रूप में प्राप्त हो, जिसमें सभी प्राप्तियां, नकदी, क्रेडिट और किसी भी प्रकार की संपत्ति और सेवाएं बिना किसी कटौती के शामिल हैं~~।~~, और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:~~- इस परिभाषा में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह अर्थ लगाया जाए कि किराया, होटल में किसी स्थान के उपयोग के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तब लिया जाता है जब वह स्थान ऑपरेटर द्वारा उपयोगकर्ता को निःशुल्क प्रदान किया जाता है और किसी अन्य व्यक्ति से कोई प्रतिफल नहीं लिया जाता है या प्राप्त नहीं किया जाता है।~~
>
> 1. कमरे के प्रभारों और सुविधा शुल्क में छूट;
>
> 2. लेन-देन शुल्क, सेवा शुल्क, बुकिंग शुल्क, प्रसंस्करण शुल्क, खुदरा मार्कअप, कमीशन, रद्दीकरण और कमी शुल्क, और California पर्यटन विपणन मूल्यांकन;
>
> 3. वापस न की गई अग्रिम आरक्षण की राशि और अन्य किराये की जमा राशि;
>
> 4. वस्तुओं या सेवाओं के लिए लगाए जाने वाले प्रभार, जिनमें फर्नीचर, फिक्स्चर, उपकरण, लिनेन, तौलिए, गैर-सिक्का संचालित तिजोरियां; स्पा या फिटनेस सेंटर का उपयोग या पहुंच; रिसॉर्ट का उपयोग या पहुंच (जिसे आमतौर पर रिसॉर्ट या गंतव्य शुल्क कहा जाता है); इंटरनेट, टेलीविजन और फ़ोन की पहुंच या उपयोग; हाउसकीपिंग या कमरे की सफाई; पालतू पशु-पक्षियों का रहना, पालतू पशु-पक्षियों का शुल्क या पालतू पशु-पक्षियों से संबंधित सफाई; अतिरिक्त मेहमान/थोड़ी अवधि तक ठहरने वाले व्यक्ति;

और/या आंशिक दिन, या जल्दी या देर से आगमन या प्रस्थान शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

5. किसी पुरस्कार या इनाम कार्यक्रम से ऑपरेटर द्वारा प्राप्त प्रतिफल या मूल्य, जिसमें पुरस्कार अंक, प्रोत्साहन या बोनस का भुनाना शामिल है; और

6. ट्रैवल पैकेज के हिस्से के रूप में किराए से तर्कसंगत रूप से संबंधित कोई भी अन्य प्रभार।

इस परिभाषा में किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि होटल में किसी स्थान के उपयोग के लिए तब प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किराया वसूला जाता है, जब वह स्थान ऑपरेटर द्वारा किरायेदार को निःशुल्क रूप से प्रदान किया जाता है और किसी भी अन्य व्यक्ति से कोई प्रतिफल नहीं वसूला जाता है या प्राप्त नहीं किया जाता है।

धारा 3. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.2 की उपधारा (f) को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

(f) ऑपरेटर। "ऑपरेटर" का अर्थ है ऐसा कोई भी व्यक्ति जो मुख्य ऑपरेटर या सहायक ऑपरेटर हो। ~~ऐसा व्यक्ति जो या तो होटल का मालिक है या कोई ऐसा अन्य व्यक्ति जिसे होटल के भीतर कमरे किराए पर देने का अधिकार है, चाहे वह मालिक, पट्टेदार, कब्जा प्राप्त रेहनदार, लाइसेंसधारी या किसी भी अन्य क्षमता में हो। होटल के संचालन के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार स्वामी या मालिक को ही मुख्य ऑपरेटर माना जाएगा। यदि मुख्य ऑपरेटर अपने कार्यों को पूर्णतः या आंशिक रूप से किसी प्रबंध एजेंट, बुकिंग एजेंट, कमरा विक्रेता या कमरा पुनर्विक्रेता, या किसी अन्य एजेंट या ठेकादाता के माध्यम से निष्पादित करता है या सौंपता है, जिसमें इस संहिता की धारा 12.03 में परिभाषित होस्टिंग प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन कमरा विक्रेता, ऑनलाइन कमरा पुनर्विक्रेता और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, जो कर्मचारी के सिवाए किसी भी प्रकार के हों, तो ऐसे व्यक्तियों को सहायक ऑपरेटर माना जाएगा।~~

~~इस अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए सहायक ऑपरेटर को ऑपरेटर माना जाएगा और उसके वही कर्तव्य और दायित्व होंगे जो मुख्य ऑपरेटर के होते हैं, जिनमें इस अनुच्छेद के प्रावधानों के तहत सिटी को देय कर की पूरी राशि का एकत्र किया जाना और भेजना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। कोई सहायक ऑपरेटर इस अनुच्छेद के तहत देय कर की पूरी राशि प्रस्तुत करके इस अनुच्छेद के प्रावधानों के तहत अपने दायित्वों को पूरा कर सकता है जिसमें किसी भी अन्य ऑपरेटर को, वित्त निदेशक को सीधे या मुख्य ऑपरेटर के माध्यम से, किसी भी कर के लिए क्रेडिट भेजे जा सकते हैं।~~

~~चाहे मुख्य ऑपरेटर द्वारा या सहायक ऑपरेटर द्वारा इस अनुच्छेद के प्रावधानों का अनुपालन, दोनों द्वारा अनुपालन माना जाएगा और इस अनुच्छेद के किसी भी प्रावधान के अंतर्गत थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति द्वारा देय कर की पूरी राशि के सिवाए किसी भी अन्य राशि के भुगतान और/या प्रेषण की आवश्यकता नहीं माना जाएगा।~~

धारा 4. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.2 में (g) से (n) तक नई उपधाराएं निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए जोड़ी जाती हैं:

(g) सुविधा शुल्क। "सुविधा शुल्क" से तात्पर्य उस राशि से है जिसके द्वारा पोस्ट किया गया कमरा प्रभार, रियायती कमरा प्रभार, यदि कोई हो, से अधिक होता है।

(h) मध्यस्थ। “मध्यस्थ” का अर्थ ऐसा कोई भी व्यक्ति है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से (i) किसी होटल में रहने की सुविधा प्रदान करता है, और (ii) ऐसे रहने के संबंध में किराया वसूलता है, एकत्र करता है या प्राप्त करता है, जिसमें सीमा के बिना सुविधा शुल्क शामिल हो सकता है। मध्यस्थ में, बिना किसी सीमा के, कोई यात्रा या बुकिंग एजेंट, इस संहिता की धारा 12.22 A.32 के तहत परिभाषित होस्टिंग प्लेटफ़ॉर्म, कोई कमरा विक्रेता या पुनर्विक्रेता, कोई ऑनलाइन कमरा विक्रेता या पुनर्विक्रेता, और किसी भी प्रकार या प्रकृति का कोई ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट या कंपनी शामिल हैं।

(i) होटल में रहने की सुविधा प्रदान करता है। "होटल में रहने की सुविधा प्रदान करता है" का अर्थ है - (ग्राहक) आम जनता द्वारा होटल में रहने के अधिकार की खरीद, बिक्री या इसके अधिकार के लिए दलाली करना, समन्वय करना या किसी अन्य तरीके से व्यवस्था करना।

(j) रियायती कमरा प्रभार। "रियायती कमरा प्रभार" से तात्पर्य किसी होटल में किराए पर रहने के लिए ऑपरेटर द्वारा सहायक ऑपरेटर से ली जाने वाली कुल राशि से है।

(k) पोस्ट किया गया कमरा प्रभार। "पोस्ट किया गया कमरा प्रभार" से तात्पर्य किसी मध्यस्थ द्वारा किसी थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति से लिए जाने वाले कुल प्रतिफल से है, जिसमें बिक्री के संबंध में करों से पहले लगाए गए कोई भी शुल्क या प्रभार शामिल हैं।

(l) ट्रैवल पैकेज। "ट्रैवल पैकेज" का अर्थ कोई ऐसा आवास है जिसमें एक या अधिक अलग-अलग घटक शामिल हों जैसे हवाई परिवहन, कार किराए पर लेना, या इसी तरह की चीजें और जिनके लिए एक ही खुदरा मूल्य पर वसूली की जाए।

(m) सहायक ऑपरेटर। “सहायक ऑपरेटर” से तात्पर्य किसी भी ऐसे व्यक्ति से है जो प्रबंध एजेंट, बुकिंग एजेंट, कमरा विक्रेता या कमरा पुनर्विक्रेता, दलाल, मध्यस्थ, या कोई अन्य एजेंट या ठेकादाता है, जिसमें इस संहिता की धारा 12.22 A.32 में परिभाषित होस्टिंग प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन कमरा विक्रेता, ऑनलाइन कमरा पुनर्विक्रेता और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, चाहे उनका प्रकार या प्रकृति कोई भी हो जिन्हें मुख्य ऑपरेटर किसी कर्मचारी के सिवाए, अपने किसी भी कार्य को, पूर्ण या आंशिक रूप से सौंपता है।

(n) मुख्य ऑपरेटर। "मुख्य ऑपरेटर" से तात्पर्य किसी ऐसे व्यक्ति से है जिसे होटल के भीतर कमरे किराए पर देने का अधिकार है, चाहे वह मालिक, पट्टेदार, कब्जा प्राप्त रेहनदार, लाइसेंसधारी या किसी अन्य क्षमता में हो और जो होटल के संचालन के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार हो।

धारा 5. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.3 को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

**धारा 21.7.3. लगाया गया कर।**

किसी भी होटल में ठहरने के विशेषाधिकार के लिए, थोड़े समय तक ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कर देना होगा ~~जो 1 अगस्त, 1964 को या उसके बाद से 31 अक्तूबर, 1967 तक और इसके सहित ऑपरेटर द्वारा वसूले गए किराए की चार प्रतिशत (4%); और उस तिथि से 28 फ़रवरी, 1971 तक और इसके सहित पांच प्रतिशत (5%) की दर से; और उस तिथि से 30 जून, 1978 तक और इसके सहित छह प्रतिशत (6%) की दर से; और उस तिथि~~

से 30 जून, 1983 तक और इसके सहित साढ़े सात प्रतिशत (7.5%) की दर से; और उस तिथि से 31 दिसंबर, 1985 तक और इसके सहित दस प्रतिशत (10%) की दर से; और उस तिथि से 31 दिसंबर, 1987 तक और इसके सहित ग्यारह प्रतिशत (11%) की दर से; और उस तिथि से 31 अगस्त, 1990 तक और इसके सहित बारह प्रतिशत (12%) की दर से और उस तिथि से लेकर 31 जुलाई, 1993 तक और इसके सहित साढ़े बारह प्रतिशत (12.5%) की दर से; और उसके बाद चौदह प्रतिशत (14%) की दर से और 31 दिसंबर, 2028 को या उससे पहले होने वाले अधिभोग के लिए ऑपरेटर द्वारा लिए गए किराए के सोलह प्रतिशत (16%) की दर से; और 1 जनवरी, 2029 को या उसके बाद होने वाले अधिभोग के लिए ऑपरेटर द्वारा लिए गए किराए के पंद्रह प्रतिशत (15%) की दर से धनराशि होगी। उक्त कर एक प्रकार का ऋण है जो थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति द्वारा सिटी को देय है और जिसका भुगतान ऑपरेटर या सिटी को करने पर वह ऋण समाप्त हो जाता है। थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति को किराए का भुगतान करते समय होटल के ऑपरेटर को कर का भुगतान करना होगा। यदि किराया किस्तों में चुकाया जाता है, या यदि भुगतान की गई राशि भुगतान के समय देय किराए और कर की कुल राशि से कम है, तो कर का आनुपातिक हिस्सा प्रत्येक ऐसे भुगतान या किस्त के साथ भुगतान किया गया माना जाएगा। थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति द्वारा होटल में रहना बंद किए जाने पर भुगतान न किया गया कर होगा। यदि किसी कारणवश होटल के ऑपरेटर को कर का भुगतान नहीं किया जाता है, तो वित्त निदेशक यह अपेक्षा कर सकते हैं कि ऐसे कर का सीधे सिटी को भुगतान किया जाए।

धारा 6. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.5 को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

**धारा 21.7.5. ऑपरेटर के कर्तव्य।**

प्रत्येक ऑपरेटर इस अनुच्छेद द्वारा लगाए गए कर को उसी सीमा तक और उसी समय वसूल करेगा जिस समय थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति से किराया वसूल किया जाता है। कर की राशि, वसूल किए गए किराए की राशि से अलग से बताई जाएगी और थोड़े समय तक ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ऑपरेटर से भुगतान की रसीद प्राप्त होगी। होटल का कोई भी ऑपरेटर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी तरीके से यह विज्ञापन या उल्लेख नहीं करेगा कि कर या उसका कोई भाग ऐसे ऑपरेटर द्वारा वहन किया जाएगा या अवशोषित किया जाएगा या इसे किराए में नहीं जोड़ा जाएगा, या यह कि यदि जोड़ा जाता है, तो इसका कोई भी हिस्सा यहाँ दिए गए तरीके के सिवाए किसी अन्य तरीके से वापस किया जाएगा। कोई सहायक ऑपरेटर इस अनुच्छेद के तहत देय कर की पूरी राशि प्रस्तुत करके इस अनुच्छेद के प्रावधानों के तहत अपने दायित्वों को पूरा कर सकता है जिसमें किसी भी संगत ऑपरेटर को, या तो वित्त निदेशक को सीधे या ऐसे अन्य संगत ऑपरेटर के माध्यम से, किसी भी कर के लिए क्रेडिट भेजा जा सकता है। चाहे मुख्य ऑपरेटर द्वारा या सहायक ऑपरेटर द्वारा इस अनुच्छेद के प्रावधानों का अनुपालन, लागू कर दायित्व के संबंध में दोनों द्वारा अनुपालन माना जाएगा और इस अनुच्छेद के किसी भी प्रावधान के अंतर्गत थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति द्वारा देय कर की पूरी राशि के सिवाए किसी भी अन्य राशि के भुगतान और/या प्रेषण की आवश्यकता नहीं माना जाएगा।

धारा 7. Los Angeles नगरपालिका कोड के अध्याय II के अनुच्छेद 1.7 की धारा 21.7.7 के पहले पैराग्राफ को निम्नानुसार पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

प्रत्येक एक ऑपरेटर प्रत्येक कैलेंडर माह के 25वें दिन को या उससे पहले वित्त निदेशक को पिछले कैलेंडर माह के दौरान लगाए गए और प्राप्त किए गए कुल किराए तथा थोड़े समय तक ठहरने के लिए एकत्रित कर की राशि का विवरण प्रस्तुत करेगा जिसमें,

लागू होने की सीमा तक, ऐसे पिछले कैलेंडर माह के लिए प्रत्येक सहायक ऑपरेटर से प्राप्त किराए की राशि का विवरण शामिल है। विवरण दाखिल करते समय, एकत्रित कर की पूरी राशि और वह कर जो एकत्र नहीं किया गया है लेकिन जिसे एकत्र किया जाना आवश्यक है, वित्त निदेशक को भेज दिया जाएगा। धारा 21.7.8 में दिए गए प्रावधानों के सिवाए, किसी ऑपरेटर को वित्त निदेशक को कर की ऐसी कोई भी राशि भेजने की आवश्यकता नहीं होगी जो थोड़े समय तक ठहरने वाले व्यक्ति से एकत्र न की गई हो और न ही एकत्र की जानी आवश्यक हो। इस अनुच्छेद के अनुसार ऑपरेटरों द्वारा एकत्र किए गए और एकत्र किए जाने के लिए आवश्यक सभी करों को सिटी के खाते में तब तक ट्रस्ट के रूप में रखा जाएगा जब तक कि उनका भुगतान सिटी को नहीं कर दिया जाता। इस अनुच्छेद के अंतर्गत देय कर की पूरी राशि, चाहे वह एकत्र की गई हो या देय हो लेकिन एकत्र न की गई हो, ऑपरेटर द्वारा सिटी को देय ऋण मानी जाएगी और सिटी को भुगतान करने पर ही उसका निपटान किया जाएगा।

धारा 8. मतदाताओं को प्रस्तुत करना। इसमें मौजूद अध्यादेश को सिटी के मतदाताओं के सामने पेश किया जाएगा। यदि डाले गए वोटों के बहुमत से अध्यादेश को अनुमोदित कर दिया जाता है, तो अध्यादेश अधिनियमित हो जाएगा और इसमें निर्धारित लागू धाराएँ इसके बाद Los Angeles नगरपालिका कोड के भाग मानी जाएंगी।

धारा 9. संशोधन। परिषद इस अध्यादेश के किसी भी प्रावधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन ऐसे किसी भी संशोधन के लिए मतदाता का अनुमोदन आवश्यक होगा जिसके परिणामस्वरूप कर लगाया जाए, बढ़ाया जाए या उसमें वृद्धि की जाए।

धारा 10. विच्छेदनीयता। अगर इस अध्यादेश या इसके किसी भी भाग की किसी भी धारा, उपधारा, खंड, वाक्य, वाक्यांश या अनुप्रयोग को सक्षम न्याय सीमा के किसी भी न्यायालय या न्यायाधिकरण द्वारा असंवैधानिक या अमान्य ठहराया जाता है, तो अध्यादेश की शेष धाराएँ, उपधाराएं, खंड, वाक्य, वाक्यांश, भाग या अनुप्रयोग पूरी तरह से प्रभावी और लागू रहेंगे और इस उद्देश्य के लिए इस अध्यादेश के प्रावधान विच्छेदनीय हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाता यह घोषणा करते हैं कि यदि इस अध्यादेश की किसी भी धारा, उपधारा, खंड, वाक्य, वाक्यांश, भाग या अनुप्रयोग को असंवैधानिक या अमान्य घोषित नहीं किया गया होता, तो वे इसकी सभी धाराओं, उपधाराओं, खंडों, वाक्यों, वाक्यांशों, भागों और अनुप्रयोगों को पारित कर देते।

धारा 11. सिटी कौंसिल और मतदाताओं का इरादा इस विधेयक को उस मतपत्र विधेयक के पूरक और सहायक के रूप में प्रस्तुत करना है जो अस्थायी अधिभोग कर को ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों और प्लेटफॉर्मों पर केवल लागू करने से संबंधित है जिसे सिटी कौंसिल द्वारा मतदाताओं के समक्ष इस विधेयक के साथ ही समान मतपत्र पर प्रदर्शित करने के लिए पेश किया गया है। यदि दोनों विधेयकों को मतदाताओं के बहुमत से अनुमोदन मिल जाता है, तो विधेयक के प्रावधानों को एक दूसरे के पूरक और सहायक माना जाएगा, न कि परस्पर विरोधी, और दोनों विधेयकों के सभी प्रावधान अधिनियमित और वैध होंगे।

# मतदाता अधिकार पत्र

**आपके पास निम्नलिखित अधिकार हैं**

1. **यदि आप पंजीकृत मतदाता हैं, तो मतदान करने का अधिकार।** आप मतदान करने के लिए पात्र हैं यदि आप:
   - ★ कैलिफोर्निया में रह रहे अमरीका के निवासी हैं
   - ★ कम-से-कम 18 वर्ष के हैं
   - ★ वहाँ पंजीकृत हैं जहाँ आप वर्तमान में रहते हैं
   - ★ वर्तमान में एक अपराध की सजा के लिए एक राज्य या संघीय जेल में अवधि की सजा नहीं काट रहे है
   - ★ आपको वर्तमान में किसी अदालत द्वारा मतदान करने के लिए मानरिक रूप से अक्षम नहीं पाया गया हो

2. **यदि आप एक पंजीकृत मतदाता हैं, तो मतदान करने का अधिकार, चाहे ही आपका नाम सुची में नहीं है।** आप अनंतिम मतपत्र का उपयोग करते हुए मतदान करेंगे। आपकी वोट को गिना जाएगा यदि चुनाव अधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि आप मतदान करने के लिए पात्र हैं।

3. **मतदान करने का अधिकार यदि आप मतदान समाप्त हो जाने के बाद भी कतर में हों।**

4. **गुप्त मत देने का अधिकार** किसी के द्वारा आपको परेशान किए बिना या आपको यह बताए बिना कि मतदान कैसे करना है।

5. **यदि आपने कोई गलती कर दी है, तो नया मतपत्र प्राप्त करने का अधिकार,** यदि आपने पहले ही अपना मतपत्र डाल न दिया हो। आप निम्नलिखित कर सकते हैं:
   **मतदान केन्द्र में किसी चुनाव अधिकारी** से नया मतपत्र देने के लिए कहना
   **अपने डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र को किसी चुनाव कार्यालय में,** या अपने मतदान केन्द्र पर नए **डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र से बदलना**, या
   **एक अनंतिम मतपत्र का उपयोग करते हुए मतदान करना।**

6. **अपना मतदान करने के लिए** अपने द्वारा चुने गए किसी भी व्यक्ति से **सहायता प्राप्त करने का अधिकार,** आपके नियोक्ता या यूनियन के प्रतिनिधि के सिवाए।

7. **अपना भरा हुआ डाक द्वारा-मतदान मतपत्र** कैलिफोर्निया में **किसी भी मतदान स्थल पर छोड़ने का अधिकार।**

8. **अंग्रेज़ी के सिवाए किसी अन्य भाषा में चुनाव सामग्री प्राप्त करने का अधिकार** यदि आपके मतदान क्षेत्र में पर्याप्त व्यक्ति वह भाषा बोलते हैं।

9. **चुनाव अधिकारियों से चुनाव प्रक्रियाओं के बारे में प्रश्न पूछने** और चुनाव प्रक्रिया देखने का अधिकार। आप जिस व्यक्ति से प्रश्न पूछते हैं, यदि वह आपके प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाता, तो उसे उत्तर के लिए आपको सही व्यक्ति के पास अवश्य भेजना चाहिए। यदि आप रुकावट डालते हैं, तो वह आपको उत्तर देना बंद कर सकता है।

10. **किसी अवैध या धोखाधड़ी वाली चुनाव गतिविधि** के बारे में किसी चुनाव अधिकारी या सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के कार्यालय को सूचित करने का अधिकार

**यदि आपको लगता है कि आपको इनमें से किसी भी अधिकारों से मना किया गया है,** तो (800) 345-VOTE (8683) पर राजकीय सचिव की गुप्त एवं शुल्क मुक्त मतदाता हॉटलाइन पर कॉल करें।

वेब पर **www.sos.ca.gov**

फोन द्वारा **(800) 345-VOTE (8683)**

ई-मेल द्वारा **elections@sos.ca.gov**

# मतदाता अभिगम्यता जानकारी

**अभिगम्यता और अन्य सहायक उपकरण**
**(800) 815-2666, विकल्प 4 (LA काउंटी हॉटलाइन)**

LA काउंटी मतदान केंद्र व्हीलचेयर अभिगम्यता और/या कर्बसाइड मतदान प्रदान करते हैं। मतदान केंद्र के अंदर आपको अपने मतदान के अनुभव में सहायता के लिए उपकरण मिल सकते हैं।

**ऑडियो रिकॉर्डिंग (213) 978-0444**
आपकी सहायता के लिए सभी मतदान केंद्रों पर ऑडियो उपकरण उपलब्ध हैं।

इस पुस्तिका में शामिल गतिविधियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग अंग्रेज़ी, अर्मेनियाई, चीनी, फ़ारसी, हिंदी, जापानी, खमेर, कोरियाई, रूसी, स्पेनिश, तागालोग, थाई और वियतनामी में उपलब्ध हैं। ये रिकॉर्डिंग हमारी वेबसाइट clerk.lacity.gov/elections/multilingual-services पर और निम्नलिखित स्थानों पर उपलब्ध हैं:

Braille Institute Library
741 North Vermont Avenue
Los Angeles, CA 90029
(323) 660-3880

Central Library
630 West 5th Street
Los Angeles, CA 90071
(213) 228-7000

ऑडियो रिकॉर्डिंग की एक कॉपी का अनुरोध मतदाता हमारे कार्यालय से कर सकते हैं:

Office of the City Clerk-Election Division
Attn: Audio Recordings
555 Ramirez Street, Space 300
Los Angeles, CA 90012

**TTD फ़ोन नंबर (562) 462-2259**
जिन मतदाताओं को सुनने में समस्या हो उनके लिए एक TTD फ़ोन नंबर प्रदान किया जाता है।

**भाषा संबंधी सहायता (213) 978-0444**
सिटी मतदान की सामग्रियों को अर्मेनियाई, चीनी, फ़ारसी, हिंदी, जापानी, खमेर, कोरियाई, रूसी, स्पेनिश, तागालोग, थाई और वियतनामी भाषा में भी प्रदान करता है।

# आपके मतदान विकल्प

## डाक द्वारा मतदान

- डाक द्वारा वापसी
  - इसे चुनाव दिवस तक पोस्टमार्क किया जाना चाहिए और 7 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाना चाहिए
- ड्राप ऑफ
  - मतपत्र ड्रॉप बॉक्स की जगह पर
  - किसी LA काउंटी मतदान केंद्र पर

**अपने डाक द्वारा मतदान लिफ़ाफ़े के पीछे हस्ताक्षर करना ना भूलें!**

## मतदान केंद्र

- व्यक्तिगत रूप से मतदान करें
- अपना डाक द्वारा मतदान मतपत्र ड्राप ऑफ करें

*यहाँ स्कैन करें!*

**मतदान केंद्र के कामकाज़ी घंटे और स्थानों को ढूँढने के लिए स्कैन करें**

या locator.lavote.gov/locations/vc पर जाएँ

**जल्दी मतदान करें!**

**मतदान केंद्र 23 मई, 2026 से खुल जाएँगे**